# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर (छ0ग0)

फोन नंबर– 07752–223271, E-mail- bilaspur.court@nic.in

**–:: सूचना पत्र ::–**

क्रमांक–2593/दो–11–1/2022

बिलासपुर, दिनांक 18 **जुलाई, 2023**

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर के विज्ञापन क्रमांक 50/दो–11–1/2022 बिलासपुर, दिनांक 10–01–2022 के अंतर्गत सहायक ग्रेड–तीन के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. सहायक ग्रेड–तीन के पदों की चयन प्रकिया दो चरणों में अपनाई जायेगी। प्रथम चरण में प्रारंभिक लिखित परीक्षा एवं द्वितीय चरण में कौशल परीक्षा आयोजित की जावेगी। प्रारंभिक लिखित परीक्षा के अंक को कौशल परीक्षा में नहीं जोड़ा जायेगा। कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर ही अंतिम चयन सूची जारी किया जावेगा।

2. सहायक ग्रेड–तीन के पात्र अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 23–07–2023 को समय दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक आयोजित की जावेगी।

3. सहायक ग्रेड–तीन के पदों के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा में 50 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात् प्रारंभिक परीक्षा कुल 50 अंक का होगा तथा परीक्षा की कुल अवधि 01:00 घण्टे की होगी। गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंक नहीं होगा।

4. प्रारंभिक लिखित परीक्षा हेतु सहायक ग्रेड–तीन के पात्र अभ्यर्थियों से संबंधित प्रवेश पत्र, रोल नंबर एवं परीक्षा केन्द्र, जिला न्यायालय, बिलासपुर की कार्यालयीन वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur में अपलोड किया गया है, इन्ही दिशा निर्देश के साथ संलग्न प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी डाउनलोड करके परीक्षा में उपस्थित हो सकेंगे। प्रवेश पत्र किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से किसी भी माध्यम से प्रेषित नहीं किया जायेगा।

5. अभ्यर्थी का स्वहस्ताक्षरित फोटो उसे प्रवेश पत्र में स्वयं चस्पा कर पहचान पत्र की मूल प्रति लाना आवश्यक होगा। उक्त पद के लिये आयोजित प्रारंभिक लिखित परीक्षा में मेरिट के आधार पर द्वितीय चरण के कौशल परीक्षा हेतु संबंधित वर्ग के रिक्त पदों के 10 गुना अभ्यर्थियों को वर्गवार कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा की संभावित तिथि 30–07–2023 है तथा कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूचना एवं कौशल परीक्षा की निश्चित तिथि एवं परीक्षा

केन्द्र इत्यादि की सूचना अभ्यर्थियों को जिला न्यायालय, बिलासपुर की कार्यालयीन वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur के माध्यम से पृथक से प्रदान की जावेगी।

6. सहायक ग्रेड–तीन के कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों को 250 शब्द का गद्यांश टाईप करने हेतु प्रदान किया जावेगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 10 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा। कौशल परीक्षा 100 अंक की होगी। प्रत्येक त्रुटि के लिए आधा (1/2) अंक काटा जायेगा, जो कि हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक अशुद्धि इत्यादि के लिए भी होगा। कौशल परीक्षा उबंटू/लाईनेक्स/लिब्रे–आफिस/विंडोज ओ0एस0/एम0एस0 वर्ड, कृति देव में ली जावेगी।

7. कौशल परीक्षा उपरांत उक्त पदों की अंतिम चयन सूची पृथक से जिला न्यायालय, बिलासपुर के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur में अपलोड की जावेगी।

8. अभ्यर्थी को अपना प्रवेश पत्र मूलतः परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

9. अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

**(राजभान सिंह)**
अध्यक्ष
चयन समिति
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बिलासपुर (छ0ग0)